Bareilly, Friday,
3 October 2025
BAREILLY EDITION
Price ₹3.50/-
Pages 10

दैनिक जागरण inext

PAGE NO. 02 : BOTTOM

# पांच को राममूर्ति प्रतिभा अलंकरण, 216 को मिली छात्रवृत्ति

## 216 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को बांटी 3.5 करोड़ छात्रवृत्ति

bareilly@inext.co.in

**BAREILLY (2 Oct):** श्रीराम मूर्ति स्मारक ट्रस्ट का गुरुवार को स्वतंत्रता सेनानी श्रीराम मूर्ति का 37वां स्मृति दिवस मनाया गया. इसमें ट्रस्ट के संस्थापक देव मूर्ति ने पीजीआइ चंडीगढ़ के वरिष्ठ प्राध्यापक एवं पूर्व विभागाध्यक्ष सर्जरी प्रोफेसर एसएम बोस, इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ छत्तीसगढ़ की कुलपति प्रोफेसर लवली शर्मा, एआरओएच की संस्थापक डा. नीलम गुप्ता, रिस्क एंड काम्पलाइनसेज इंजीनियरिंग सर्विसेज इनफोसिस लिमिटेड के हेड मनीष कुमार और युवा जलवायु परिवर्तन नायक कर्णव रस्तोगी को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए राम मूर्ति प्रतिभा अलंकरण से सम्मानित किया.



राम मूर्ति प्रतिभा अलंकरण से नवाज गए प्रतिभाशाली.

कहानी प्रतियोगिता में विशाल पांडेय की कहानी 'मत बांधो इनको जंजीरों में' को प्रथम पुरस्कार के साथ 11,000 रुपये व प्रमाण पत्र दिया. कहानी प्रतियोगिता में सौम्या नैन बिश्नोई को कहानी 'मन का बगीचा-सरिता की कहानी' के लिए द्वितीय पुरस्कार के रूप में 7,500 रुपये, निशांत कुमार को कहानी 'अधूरा चित्र' के लिए तृतीय पुरस्कार के रूप में 5,100 रुप, कहानी प्रतियोगिता में आदित्य कुमार गौतम की कहानी 'जिजीविषा' व आंचल सिंह की कहानी 'वाराणसी की परछाइया, एक मौन चीख' को सांत्वना पुरस्कार मिला. वाद-विवाद प्रतियोगिता में कनिष्ठ वर्ग और वरिष्ठ वर्ग में चल वैजयंती द गुरु स्कूल और महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विवि को प्रदान की. 'सोशल मीडिया के प्रयोग की न्यूनतम आयु सीमा होनी चाहिए' विषय पर कनिष्ठ वर्ग की प्रतियोगिता में एसआर इंटरनेशनल स्कूल के अथर्व अग्रवाल, द गुरु स्कूल की कृतिका गंगवार प्रथम रहीं. 'भौतिक वादी दौड़ में मानवीय मूल्यों का ह्रास' विषय पर पक्ष में अभय सिंह, केसीएमटी और विपक्ष में राहुल भट्ट एसआरएमएस सीईटी प्रथम रहा. एसआरएमएस मेडिकल कालेज के ब्लड बैंक के दो दिवसीय रक्तदान कैंप में 109 यूनिट रक्तदान किया गया.

### ट्रस्ट सचिव आदित्य मूर्ति

ट्रस्ट सचिव आदित्य मूर्ति ने श्रद्धांजलि प्रकट की. श्रीराम मूर्ति स्मारक ट्रस्ट के सभी महाविद्यालयों सीईटी, सीईटीआर, आइएमएस और रिद्धिमा में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के जन्मदिन पर उनके चित्रों पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए. देव मूर्ति ने कहा कि ट्रस्ट की स्थापना के साथ 1990 में छात्रवृत्ति देना आरंभ किया. पहले वर्ष 11 विद्यार्थियों को 21,000 रुपये छात्रवृत्ति में दिए. यह राशि आज 3.5 करोड़ रुपये पहुंच गई है. उन्होंने आइसीयू में 21 दिन से ज्यादा भर्ती मरीजों से आइसीयू और नर्सिंग चार्ज न लिए जाने, तीमारदारों को 12 रुपये में भोजन कराने के बारे में बताया. श्रद्धांजलि समारोह में वन मंत्री डा. अरुण कुमार, सांसद छत्रपाल गंगवार, विधायक बिथरी चैनपुर डा. राघवेंद्र शर्मा, विधायक मीरगंज डा. डीसी वर्मा, विधायक भोजीपुरा शहजिल इस्लाम, पूर्व मंत्री भगवत शरण गंगवार, ब्लाक प्रमुख भोजीपुरा योगेश पटेल, कांग्रेस महानगर अध्यक्ष दिनेश दद्दा, अशोक गोयल, गुरु मेहरोत्रा, डा. ओपी राय, डा. वंदना शर्मा, ट्रस्टी आशा मूर्ति, ऊषा गुप्ता, ऋचा मूर्ति, श्यामल गुप्ता, अविका मूर्ति, देविशा मूर्ति, सुभाष मेहरा, सेवानिवृत्त एयर मार्शल डा. एमएस बुटोला, प्राचार्य प्रोफेसर प्रभाकर गुप्ता, डा. मृदुल महेश्वरी, डा. जसप्रीत कौर, डीन डा. शैलेश सक्सेना, डा. अमित कुमार शर्मा, डा. सौरभ गुप्ता, चीफ प्राक्टर विवेक यादव आदि मौजूद रहे.